# राज्य स्तरीय आकलन

**सत्र 2019–20**

## सुझावात्मक गतिविधियाँ

| FA | 2 |
|---|---|

**कक्षाः 6** **विषयः हिन्दी**

**PAPER CODE: 6013** **पूर्णांकः 10**

**निर्देश– खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।**

**खण्ड – 'अ'** **(अंक 05)**

**LO–L-610-** हिंदी भाषा में विभिन्न प्रकार की सामग्री (समाचार, पत्र-पत्रिका, कहानी, जानकारी परक सामग्री, इंटरनेट पर प्रकाशित होने वाली सामग्री आदि) को समझकर पढ़ते हैं और उसमें अपनी पसंद-नापसंद, राय, टिप्पणी देते हैं।

**गतिविधि 1. एक आवश्यक सूचना**

शिक्षक छात्रों के लिए कुछ सूचनाएं एकत्रित करेंगे। कार्ड पर सूचनाओं को लिखकर उन्हें कक्षा को पढ़कर सुनाएं तथा उन पर आधारित अभ्यास पर छात्रों से काम करवायें।

उदाहरणः

**एक आवश्यक सूचना**

राज्य की विद्यालयों की बोर्ड परीक्षाओं में संख्यात्मक एवं गुणात्मक सुधार के लिये अगले माह प्री–बोर्ड परीक्षा होगी इसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए परीक्षाएं पूरी तरह बोर्ड परीक्षा के तर्ज पर सभी विषयों के लिए आयोजित होगी। ये परीक्षाएं 03 से 12 फरवरी तक चलेंगी। प्री–बोर्ड परीक्षा के सभी विषयों के प्रश्न पत्र स्कूलों में भेजे जा रहे हैं।

**दो परियों में होगी कक्षा 12 वीं की परीक्षा**

पहली पारी– सुबह 09:00 से दोपहर 12:15 बजे तक होगी<br>
दूसरी पारी– दोपहर 01:00 से सायं 04:15 बजे तक होगी<br>
04 फरवरी को हिन्दी अनिवार्य, 05 को हिन्दी साहित्य, उर्दू, सिंधी, गुजराती, पंजाबी, 05 को भूगोल व व्यवसायिक अध्ययन, 07 को इतिहास, कृषि जीव विज्ञान, जीव विज्ञान, 08 को अर्थशास्त्र, 10 को गणित, 11 को राजनीति विज्ञान, कृषि विज्ञान, 12 फरवरी को समाजशास्त्र, लेखाशास्त्र एवं भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षाएं होंगी।

i. इस सूचना का विषय क्या है?
ii. इसके जरिये विद्यार्थियों को क्या सूचित किया जा रहा है?
iii. दो पारियों का समय किस प्रकार निर्धारित किया गया है।
iv. परीक्षा संबंधित सूचना को सारणी के रूप में लिखिए।
v. हिन्दी अनिवार्य एवं हिन्दी साहित्य के अलग–अलग प्रश्न पत्र से आप क्या समझते हैं?

## गतिविधि 2.  कौन सी खबर?

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों एवं उनके शीर्षकों की जोड़ी बनाइये—

निर्देश : शिक्षक किसी समाचार पत्र से कुछ समाचार के अंश एवं उनके शीर्षकों को काटकर अलग करेंगे। तत्पश्चात् कक्षा को समूहों में बाँटकर समाचार संदर्भों एवं उनके शीर्षकों का मिलान करने को कहेंगे। कार्य पूरा होने के पश्चात छात्रों से यह पूछें कि शीर्षकों को निर्धारित करने के लिए उन्हें किस तरह की प्रक्रिया अपनानी पड़ी।

| शीर्षक | |
|---|---|
| 1 | **एक रात में ही पांच दुकानों के टूटे ताले, जाम** |
| 2 | **टिड्डी हमले की 100 साल में यह सबसे भयावह तस्वीर...** |
| 3 | **स्विट्जरलैंड ने सोने का सबसे छोटा सिक्का बनाया** |

### समाचार संक्षेप

**1**




बर्लिन| स्विट्जरलैंड ने सोने का दुनिया का सबसे छोटा सिक्का बनाया है। 2.96 मिलीमीटर (0.12-इंच) के इस सिक्के में एक ओर अल्बर्ट आइंस्टीन का फोटो है, जिसमें वे जीभ बाहर किए हुए हैं। इसे लेंस से ही देख सकते हैं। 0.063 ग्राम के ऐसे मात्र 999 सिक्के बनाए हैं। इनकी कीमत 15 हजार रु. (199 फ्रैंक) है।

**2**

**कोटखावदा में नाराज व्यापारियों ने पुलिस को सुनाई खरी-खोटी, जल्द खुलासे के आश्वासन पर माने**

भास्कर न्यूज | कोटखावदा/कोटखावदा ग्रामीण

कस्बे में बुधवार रात को चोरों ने अलग-अलग जगह पर पांच दुकानों को अपना निशाना बनाया एवं दुकानों के शटर व ताले तोड़कर 4 हजार की नगदी सहित हजारों का सामान लेकर फरार हो गए। गुरुवार सुबह कस्बे में एक साथ पांच दुकानों के ताले, शटर टूटने व चोरी की खबर आग की तरह फैल गई। इससे व्यापारियों सहित कपड़ा व्यापार मंडल अध्यक्ष राधामोहन गुप्ता, ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष महावीर जैन आदि ग्रामीण कस्बे में पुराने बस स्टैंड पर इकट्ठे हो गए एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों ने दौसा- चाकसू स्टेट हाइवे को भी जाम कर दिया। सूचना पर चाकसू थानाधिकारी बृजमोहन कविया मय जाब्ता मौके पर पहुंचे एवं ग्रामीणों को समझाने लगे। ग्रामीण कस्बे में अब तक हुई चोरियों की बरामदगी की मांग करने लगे।

ग्रामीणों ने कहा कि कोटखावदा को थाना बनाने के बाद अब तक हुई चोरियों में से एक का भी पुलिस ना तो खुलासा कर पाई है और ना ही माल बरामदगी व आरोपियों को पकड़ सकी है। ऐसे में व्यापारियों एवं ग्रामीणों में रोष है। पुलिस के जल्दी चोरियों का खुलासा करने एवं कस्बे में अतिरिक्त पुलिस गश्त बढ़ाने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ।



कोटखावदा ग्रामीण| चाकसू-दौसा स्टेट हाइवे पर व्यापारियों के जाम के चलते खड़े वाहन।

**इन दुकानों में हुई चोरी**

सीमा इलेक्ट्रिकल्स की दुकान का चोर शटर तोड़कर अंदर रखी दो एलईडी व दो मिक्सर मशीन चोरी कर ले गए। छोटा बास स्थित विमल ट्रेडर्स की दुकान का चोर शटर तोड़कर 600 रुपए की नकदी, बीड़ी, माचिस, सिगरेट सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। विजयवर्गीय जनरल स्टोर का स्टेम ताला तोड़कर 3500 रुपए की नगदी सहित मोबाइल, बैटरी, ब्लूटूथ, तेल साबुन सहित किराने का सामान चोरी कर ले गये। पुराने बस स्टैंड के सामने मनसुख किराना स्टोर व बाई पास स्थित यादव किराना स्टोर का भी शटर तोड़कर चोरी का प्रयास किया।

**चोरों को पकड़ने के लिए दो टीमें बनाई**

थानाधिकारी महेश चंद्र छावड़ी ने बताया की चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने दो टीमें गठित की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जल्द चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

**3**

**भास्कर इन्वेस्टिगेशन**

**टिड्डी नियंत्रण के लिए अलग से विभाग लेकिन नाकाम रहा इसलिए किसान खुद धुआं कर और थाली-डीजे बजाकर उड़ाने को मजबूर, नतीजा ये...**

9 महीने से आतंक जारी | 12 जिलों में तबाही | 7 लाख हैक्टेयर में फसलें साफ

**कीट इतना घातक... ग्रामीणों को जख्मी किया**

6 जिलों में तो न तो फसलें छोड़ीं, न पेड़-पौधे। ग्रामीण भी जख्मी किए।

**जिम्मेदार ऐसे लचर... बोले- तब पता लगता है, जब टिड्डी घुस आती हैं**

टिड्डी नियंत्रण के लिए केंद्र का अलग से विभाग है। जैसलमेर लोकस्ट वार्निंग कंट्रोल रूम के मोहनलाल टैलर बोले- हम कंट्रोल तभी करते हैं, जब किसान बताते हैं। बॉर्डर पार से सूचना नहीं मिलती। ऐसे में पूर्व तैयारी नहीं कर पाते।

**...और किसान लाचार**

पिछले साल 21 मई से शुरू हुआ हमला अब तक जारी है। खुद टिड्डियों से जूझ रहे हैं। पीड़ादायक ये भी है कि इस फसल खराबे का मुआवजा भी नहीं मिलता।



फोटो जोधपुर का। ऐसा आतंक बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, जालौर, सिरोही, पाली, नागौर, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, डूंगरपुर में भी।

**गतिविधि 3. आपकी राय**

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी राय दें:

i. शिक्षकों के लिए भी ड्रेस कोड/यूनिफार्म होना चाहिए।
ii. कारों की खरीदी पर रोक लगनी चाहिए।
iii. विद्यालय में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था आवश्यक नहीं है।
iv. पाठ्यक्रम में सभी विषयों की किताबे हर साल बदलनी चाहिए।
v. बच्चों को प्रतिमाह पिकनिक पर ले जाना चाहिए।

निर्देश : इस तरह के विषयों पर वाद–विवाद भी करवाये जा सकते हैं किन्तु विद्यार्थी अपनी बात रखते हुए किसी भी पक्ष पर अभिमत व्यक्त कर सकते हैं।

**खण्ड – 'ब'** **(अंक 05)**

**LO – L-611 - भाषा की बारीकियों/ व्यवस्था/ ढंग पर ध्यान देते हुए उसकी सराहना करते हैं, जैसे- कविता में लय-तुक, वर्ण-आवृत्ति (छंद) तथा कहानी, निबंध में, मुहावरे, लोकोक्ति आदि।**

**गतिविधि 4. कवि कौन**

शिक्षक पाठ्यपुस्तकों से कविताओं के अंश अलग–अलग कार्ड/कागज के टुकड़ों पर लिखेंगे और उसे किसी डिब्बे या कटोरी में रखेंगे। विद्यार्थियों को एक–एक करके सामने बुलाकर उनसे कविताओं का पाठ करने एवं कवि का नाम बताने को कहें।

**गतिविधि 5. विधा बताइये**

शिक्षक कई प्रकार की किताबों/साहित्यिक रचनाओं को एकत्रित कर छात्रों के समक्ष उनका मुखपृष्ठ प्रदर्शित करते हुए इस गतिविधि को करवा सकते हैं।
कुछ प्रसिद्ध पुस्तकों के नाम श्यामपट्ट पर लिखें। बच्चों को शीर्षकों पढ़कर यह अंदाज लगाने अथवा स्मरण करने को कहें कि क्या उन्होंने इन किताबों को पढ़ा है /उनके बारे में सुना है ? यदि ऐसा है तो उनसे पूछे कि ये किस विधा से संबंधित है जैसे–

| पुस्तक का नाम | विधा |
|---|---|
| मोगली और जंगल की आग | – रोमांचक कहानी |
| रहिम के दोहे | – काव्य |
| तमस | – उपन्यास |

**गतिविधि 6. आज मेरी बारी है**

कक्षा को समूहों में बाँटकर प्रत्येक समूह को एक चित्रकथा तैयार करने के लिए कहें। प्रत्येक चित्रकथा के साथ एक गीत/कविता को जोड़ने को निर्देश दें। इन गीतों/ कविताओं को सस्वर सुनाकर विद्यार्थी कक्षा में अपनी कहानी की प्रस्तुति देंगे। प्रत्येक चित्रकथा को चार्ट पेपर पर अंकित कर कक्षा में सुनाने के पश्चात उनकी प्रदर्शनी लगायें।

●●●